# नभमित्र एप्लीकेशन

**[स्रोत: पी.आई.बी.](#)**

हाल ही में **नभमित्र एप्लीकेशन** ने **वेसल कम्युनिकेशन और सपोर्ट सिस्टम** का उपयोग करके **चक्रवात दाना** के दौरान समुद्र में मछुआरों की सहायता की।

- नभमित्र जहाज़ की **स्थिति, मार्ग और गति की वास्तविक समय** में निगरानी करने की सुविधा प्रदान करता है, जिससे चक्रवात जैसी**प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों** के दौरान मछुआरों को सुरक्षित रूप से तट पर लौटने में सहायता मिलती है।
- **यह मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय** की एक पहल है जिसमें स्वदेशी **ट्रांसपोंडर प्रौद्योगिकी** का उपयोग किया गया है।
  - यह **दो-तरफा संचार को सक्षम बनाता है** जो मोबाइल कवरेज रेंज से परे इस तकनीक के आने से पहले संभव नहीं था।
  - इसे **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)** द्वारा विकसित किया गया है और इसका क्रियान्वयन इसरो की वाणिज्यिक शाखा **न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL)** के माध्यम द्वारा किया जा रहा है।
- परंपरागत रूप से, अधिकारी जहाजों से संपर्क करने के लिये **अति उच्च आवृत्ति रेडियो तरंगों** और **फोन कॉल पर निर्भर थे,** लेकिन मोबाइल नेटवर्क की अनुपस्थिति के कारण **दूर के जल में मछली पकड़ने वाली नौकाओं का पता लगाना मुश्किल था।**

**और पढ़ें:** **मछुआरों के लिये संकट चेतावनी ट्रांसमीटर**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nabhmitra-application